दिनांक 01.06.2024 समय: 2.10 PM

आकाशवाणी से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

## लोकसभा मतगणना

लोकसभा चुनाव के वोटों की गिनती कल होगी। मतगणना सुबह 8 बजे शुरू होगी। निर्वाचन आयोग ने बताया है कि मतगणना के रुझान और परिणाम आयोग की वेबसाइट results.eci.gov.in तथा वोटर हेल्पलाइन ऐप पर भी उपलब्ध होंगे।

--------------------------------------

## मतगणना तैयारी

देश की तरह प्रदेश में भी 29 लोकसभा सीटों के लिए कल सुबह 8 बजे से मतगणना होगी. मतगणना के लिए तीन स्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गयी है और केन्द्रीय बलों की 18 कम्पनिया और राज्य सुरक्षा बलों की 45 कम्पनियों के साथ 10 हजार पुलिस कर्मियों की तैनाती भी गयी है.

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन ने बताया कि 116 केन्द्रीय मतगणना पर्यवेक्षकों भी तैनात किये गए हैं जो प्रत्येक जिले में मतगणना पर नजर रखेंगे. इवीएम से मतगणना के लिए 230 विधानसभा क्षेत्रों में कुल 3 हजार 883 टेबिल लगायी जाएँगी जबकि डाक मतपत्रों की गिनती के लिए 29 मतगणना केन्दों पर 282 टेबिल होंगी. प्रत्येक मतगणना टेबिल पर चार लोगों की ड्यूटी होगी.

श्री राजन ने बताया कि मतगणना के सबसे ज्यादा 24 राउंड खजुराहो लोकसभा सीट की पवई विधानसभा में और सबसे कम राउंड 12 दतिया लोकसभा क्षेत्र की सेवढ़ा विधानसभा में होंगे. सभी जगह मतगणना की सीसीटीवी से सतत निगरानी भी होगी.

--------------------------------------

## मतगणना जिला

जबलपुर में मतों की गिनती की तैयारी में जबलपुर प्रशासन और पुलिस जुट गई है। सुबह आठ बजे से मतों की गिनती होगी। जबलपुर में लगभग 11 लाख 65 हजार मतों की गिनती होगी। डाक मतपत्रों की मतपेटियों

को आज शाम जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय परिसर स्थित मतगणना स्थल पर बने स्ट्रांगरूम में शिफ्ट किया जाएगा।

शिवपुरी जिले में लोकसभा चुनाव की मतगणना कल 4 जून को जिला स्तर पर शासकीय पीजी कॉलेज में संपन्न होगी।

सतना लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतों की गणना का कार्य 4 जून को शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व्यंकट क्रमांक-1 सतना में चाक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच किया जाएगा।

नर्मदापुरम में लोकसभा चुनाव की मतगणना की तैयारियों को अंतिम रूप देकर आज शाम 4 बजे ड्राय रन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिया मीना ने बताया कि मतगणना स्थल पर मतगणना के लिए सभी आवश्यक तैयारिया लगभग पूर्ण कर ली गई हैं।

धार में कड़ी सुरक्षा के बीच पोस्टल बेलेट पेटियों का स्थानांतरण आज धार जिला कोषालय से मतगणना स्थल शासकीय पोलिटेक्निक कॉलेज धार के दृढ़ कक्ष में रखे जाकर दृढ़ कक्ष सील किया गया।

---------------------------------------

विशेष प्रसारण

लोकसभा चुनावों की मतगणना पर केन्द्रित दिल्ली से प्रसारित विशेष कार्यक्रम के कारण कल 4 जून को प्रादेशिक समाचारों के प्रसारण समय में आंशिक बदलाव किया गया है। हमारे कल सुबह के समाचार 7 बजकर 10 मिनट के स्थान पर 7 बजे से प्रसारित होंगे। इसी तरह दोपहर के समाचार भी 2.10 बजे के स्थान पर दोपहर 1 बजकर 55 मिनट से प्रसारित होंगे। प्रादेशिक समाचार एकांश द्वारा भी कल शाम 5 से 6 बजे के बीच आपका वोट आपकी सरकार नामक विशेष लाइव कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा। इसमें विशेषज्ञों के साथ पल पल बदलती स्थिति पर प्रदेश भर के संवाददाताओं से चर्चा होगी.

---------------------------------------

मौसम

प्रदेश में पिछले दिनों तेज गर्मी से कुछ हद राहत मिली है। नौतपा के आखिरी दिन कल मौसम की रंगत बदल गई। कई जिलों में आंधी की स्थिति बनी तो बादल भी छाए रहे। राजधानी भोपाल, इंदौर, जबलपुर और उज्जैन में पारा लुढ़क

गया। राजधानी भोपाल में 40 दशमलव 8 डिग्री, इंदौर में 40 दशमलव 1 डिग्री, और जबलपुर में 39 दशमलव 5 डिग्री दर्ज किया गया। जबकि निवाड़ी के पृथ्वीपुर और छतरपुर के बिजावर में तापमान 45 डिग्री के पार रहा। मौसम विभाग ने आज प्रदेश के 80 प्रतिशत हिस्से में लू, गरज-चमक, आंधी और बारिश का ऑरेंज-यलो अलर्ट जारी किया है।

---------------------------------------

अब कुछ समाचार संक्षेप में....

1. आगरमालवा जिले में कक्षा पांचवीं और आठवीं में फेल हुए बच्चों को अपने परिणामों को सुधारने का एक और मौका देने के लिये आज से परीक्षाएं हो रही हैं। आठ जून तक चलने वाली परीक्षा के लिये जिले में बनाये गये 26 परीक्षा केन्द्रों पर 3 हजार 626 विद्यार्थी परीक्षा देगें।
2. नर्मदापुरम जिले में पर्यटन को बढ़ावा देने और पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए विभिन्न गतिविधियों को किया जा रहा है। इस सम्बंध में कलेक्टर सोनिया मीणा ने जिले के बांद्राभान स्थल पर दौरा कर वहां पर्यटन की सम्भावना को लेकर सम्बन्धित अधिकारियों को प्रपोजल के लिए निर्देश दिये हैं। और
3. बैतूल में यशवंत नाम के एक व्यक्ति ने स्वयं को आर्मी आफिसर बताकर करीब 10 बेरोजगार युवकों से आर्मी में ट्रेड मेन बनाने के नाम पर लाखों रुपए ठग लिए । पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है.

---------------------------------------